कोविड-19 के हर खतरे से निपटने के लिए तैयार राज्य सरकार शासन सचिवालय में आईटी वॉर रूम स्थापित

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
M-24-03-2020-3.docx (http://103.203.138.54/news/195407/document/M-24-03-2020-3.docx)

DESCRIPTION

कोविड-19 के हर खतरे से निपटने के लिए तैयार राज्य सरकार
शासन सचिवालय में आईटी वॉर रूम स्थापित

जयपुर 24 मार्च। राजस्थान सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी की चुनौतियों और खतरे से निपटने के लिए तत्काल प्रभाव से आईटी वॉर रूम की स्थापना करने के आदेश जारी किये गए हैं। आईटी वॉर रूम को सचिवालय स्थित पुस्तकालय भवन की पहली मंजिल पर स्थापित किया गया है।

इस आईटी वॉर रूम का प्रभारी प्रमुख शासन सचिव श्री अभय कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को बनाया गया है। वॉर रूम में विभिन्न उच्च अधिकारियों की टीमें बनाकर उन्हें अलग अलग कायोर्ं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये अधिकारी टीम मैनेजमेंट से लेकर प्लानिंग, आंकडे जुटाने, जीआई एस सपोर्ट, स्टाफ मेनेजमेंट, नेटवर्क व कनेक्टिविटी, हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर सुविधाएं, फीडबैक सपोर्ट तथा विभागों के साथ समन्वय करने जैसे कायोर्ं के लिए जिम्मेदार होंगे। वॉर रूम 24 घंटे काम करेगा तथा 6-6 अधिकारी तीन पारियों में निर्धारित कायोर्ं को अंजाम देंगे।

इस वॉर रूम का उद्देश्य लोगों को सही जानकारी पहुंचाकर कोरोना वायरस को फैलने से रोकना है। इसके अतिरिक्त यह वॉर रूम यह भी सुनिश्चित करेगा कि राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी विभिन्न दिशानिर्देशों के तहत कार्य किया जा रहा है।

SUPPORTING IMAGES